जिला सहकारी बैंक की बदलेगी तस्वीर

जमा राशि, ऋण वितरण, वसूली एवं नवीन सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 12 सितम्बर । जिला सहकारी बैंक एवं उसकी शाखाओं और प्राथमिक सहकारी संस्थाओं को सरकार की मंशा के अनुरूप आर्थिक रूप से सशक्त एवं अधिक किसान हितैषी बनाने के लिये ग्वालियर जिले में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला सहकारी बैंक व उसकी शाखाओं से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर जमा बढ़ाने, बकाया ऋणों की प्रभावी वसूली, ऋण वितरण और नवीन सदस्यता अभियान को गति देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जिला सहकारी बैंक एवं उसकी शाखाओं से बकाया राशि की वसूली के लिये विशेष कार्ययोजना बनाने और हर माह का लक्ष्य निर्धारित कर वसूली करने के निर्देश दिए।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि सहकारी बैंक आर्थिक रूप से मजबूत होंगे तो सरकार की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक किसानों को खेती-किसानी के लिये समय पर ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैठक में जिला सहकारी बैंक की अंशपूंजी, अमानत संग्रहण, ऋण वितरण, बकाया वसूली एवं नवीन सदस्यता अभियान की विस्तार से समीक्षा की गई। सहकारी बैंकों में दुग्ध समितियों, मत्स्य समितियों एवं वनोपज समितियों के सहकारी बैंक में खाते खुलवाने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती जुही गर्ग, जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अरस्तू प्रभाकर, जिले की सभी सहकारी बैंक शाखाओं के प्रबंधक एवं मुख्यालय के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

हर सोसायटी के 20 बड़े बकायादारों से पहले की जाए वसूली, बाधा डालने वालों पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला सहकारी बैंक एवं उसकी शाखाओं से संबंधित बकाया राशि की वसूली के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हर माह का वसूली लक्ष्य निर्धारित करें और प्रत्येक सोसायटी के 20 प्रमुख बकायादारों की पहचान कर उनसे प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाए।

बैठक में स्पष्ट किया कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा या दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वसूली के लिये जाने वाले कर्मचारियों को यदि कोई बकायादार हथियार का भय या दबाव दिखाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के साथ शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाएगी। कलेक्टर ने शासकीय सेवकों पर बकाया राशि की जानकारी संकलित कर नियमानुसार उनके वेतन से वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

प्रतिदिन तीन लाख रुपए जमा कराने का लक्ष्य

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए कि सहकारी बैंकों में अमानत संग्रहण बढ़ाने के कार्य को चुनौती के रूप में लिया जाए। इसके लिये प्रतिदिन तीन लाख रुपए जमा कराने का लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल फोन के माध्यम से संपर्क करने के बजाय संभावित अमानतदारों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर उन्हें सहकारी बैंक में धनराशि जमा करने के लाभों की जानकारी दी जाए। साथ ही अमानत संग्रहण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये स्मार्ट सिटी के कॉल सेंटर का उपयोग करने के लिये भी कहा। उन्होंने जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अधिक अमानत संग्रहण एवं बकाया वसूली करने वाले कर्मचारियों को विशेष प्रोत्साहन देने के निर्देश भी दिए गए।

स्कूल बस चालक पर फायरिंग, 3 आरोपी गिरफ्तार

पुरानी रंजिश में बस को टक्कर मारकर की थी फायरिंग, एक फरार साथी की तलाश में पुलिस

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 12 सितम्बर। जिले में स्कूल बस चालक पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने नाका चंद्रबदनी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार भी बरामद की गई है। पुलिस एक अन्य फरार आरोपी और अवैध हथियार की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार 12 सितंबर 2026 को फरियादी खेम सिंह यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम सतैया थाना पिछोर ने सूचना दी थी। वह डबरा के ग्लोरियस स्कूल की बस चलाता है। सुबह करीब 7:30 से 7:45 बजे के बीच वह स्कूल बस लेकर टेकनपुर की ओर जा रहा था। भितरवार रोड पर कुटी बांध के पास पुष्प परिसर के सामने पहुंचने पर सड़क किनारे एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार खड़ी थी।

फरियादी ने कार चालक को कार हटाने के लिए कहा। इस पर कार सवार लोगों ने जानबूझकर बस में पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपियों ने बस चालक को धक्का लगने का बहाना बनाकर नीचे बुलाया। जैसे ही वह कार के पास पहुंचा, कार में बैठे एक व्यक्ति ने कट्टे से उस पर 2 से 3 फायर कर दिए। गोली फरियादी के एड़ी के पास लगी जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी कार से फरार हो गए।

मामले में थाना गिरवाई में अपराध दर्ज किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर के निर्देशन में एएसपी सौरभ कुमार, सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार और एसडीओपी बेहट मनीष यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अर्जुन उर्फ मीमा यादव निवासी सतैया थाना पिछोर, अभिषेक यादव निवासी बेहटी थाना डबरा और शिवम यादव निवासी सोंसा थाना डबरा बताए। पूछताछ में चौथा आरोपी राहुल यादव निवासी बड़ौली फरार बताया गया है, जिसकी तलाश जारी है।

सिमरिया टेकरी के आगे झांसी हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें श्रीकृष्ण की मौत हो गई। अर्जुन को शक था कि खेम सिंह अपने भाई को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया था। इसी रंजिश के चलते उसने साथियों के साथ मिलकर हमला किया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पकड़े गए अभिषेक और शिवम पर पहले से ही थाना डबरा और शारोपुर में 2-2 अपराध दर्ज हैं।

कीमती स्क्रैप चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन का मामला, माल बरामद

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 12 सितम्बर। महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन में चोरी का मामला सामने आया है। चम्बलगेट परिसर से 50 हजार रुपये से अधिक कीमत का लोहे का स्क्रैप चोरी कर ले जाने के आरोप में तीन कर्मचारियों को पकड़ा गया है। इस संबंध में थाना महाराजपुरा में भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार घटना 9 सितंबर 2026 को शाम 4 से 5 बजे के बीच की है। एयरफोर्स स्टेशन के सहायक सुरक्षा अधिकारी ने 11 सितंबर को शाम 5.53 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि स्टेशन परिसर में विभिन्न स्थानों पर पड़ा अनुपयोगी स्क्रैप कचरा गाड़ी में छुपाकर बाहर ले जाया गया। यह स्क्रैप कचरा निपटान के लिए चिन्हित ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर ले जाने की योजना थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरी गया सामान एयरक्राफ्ट में उपयोग होने वाला उच्च मूल्य का एवियोनिक्स स्क्रैप है।

मामले में एयरफोर्स की आंतरिक जांच और पुलिस की पूछताछ में कंजरवेंसी ठेके पर लगे कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। यह ठेका नोएडा की एक सिक्योरिटी कंपनी को दिया गया था, जिसका संचालन ग्वालियर से किया जा रहा है।

जांच में तीन आरोपियों - राजकुमार निवासी हरीराम का पुरा, शीलू निवासी दहेली मुरार और रामसिया वाल्मीक निवासी खिपोना, भिण्ड ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने चोरी गया माल भी बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक विमल सिंह तोमर को सौंपी गई है। आरोपियों से पूछताछ जारी है और ठेका कंपनी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

कोटेश्वर पर देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

ग्वालियर। ऑपरेशन ईगल के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में थाना ग्वालियर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कोटेश्वर कुंडी क्षेत्र से एक बदमाश को 315 बोर के देसी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पर्युषण पर्व में भगवान महावीर जन्म महोत्सव मना

माँ के प्रति आदर हमारा कर्तव्य होना चाहिए : चंद्रावत

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 12 सितम्बर। श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर सराफा बाजार में चल रहे पर्यूषण पर्व के अवसर पर आज पांचवे दिन भगवान माहवीर स्वानी का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री वर्धमान जैन स्वाध्याय मण्डल के दर्शन चंद्रावत व सम्यक मेहता ने इस अवसर पर कहा कि भगवान का अवतरण मानव कल्याण के लिए होता है। श्री जैन श्वेताम्बर उपाश्रय भवन में दोपहर 2. 30 बजे माता त्रिशला ने भगवान नहावीर के जन्म के समय जो चौदह स्वप्न देखे थे उनके चाँदी के प्रतीकों की श्रीसंघ के सदस्यों ने बोली बोलकर चढावा बोला। इसके बाद दर्शन चंद्रावत ने भगवान महावीर स्वामी के जन्न की कथा सुनाई। उपाश्रय भवन में उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं ने जय-जय कार बोलकर एवं श्रीफल व अक्षत चढ़ाकर भगवान महावीर का जन्म उत्सव मनाया। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर एवं श्रीफल खिलाकर बधाई दी। चौबीसवे तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म के अवसर पर मंदिर एवं उपाश्रय भवन में उत्साह एवं उमंग का वातावरण था। मंदिर में प्रसाद का वितरण किया गया। केशर चंदन के छापे लगाये गये। दर्शन चंद्रावत ने इससे पूर्व कल्प सूत्र का वाचन करते हुए कहा कि सदेव माँ का आदर करना चाहिए। आज पर्वाधिराज पर्युषण का पाँचवा दिन है। कल्पसूत्र जी में आज परमात्मा महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव का वृत्तांत आता है और कैसे परमात्मा का च्यवन कल्यानक होता है कैसे परमात्मा का जन्म होता है, कैसे जन्म महोत्सव मनाया जाता है कैसे त्रिशला माता खुशी से अत्यंत हर्षित होती है ।

भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रात्रि को मंदिर में रेशमी कपड़े, फूल व लाईटिंग से भव्य सजावट की गयी थी। भगवान महावीर को पालने में बिठाकर मंदिर आने वाले सभी दर्शनार्थियों ने पालने को झुलाया। भगवान के जन्मोत्सव पर मंदिर में भगवान की मनमोहक अंगरचना व सजावट हुई जिसका लाभ घीसूलाल पारसमल, संजीव, पंकज पारख परिवार ने लिया है। कुण्डलपुरी में घर-घर यश गान है, लिया प्रभु अवतार जय जयकार जय जयकार जय जयकार, जय बोलो महावीर स्वामी की, माता त्रिशला ने देखे भले 14 सपने आदि भक्ति भावपूर्ण भजन संजीव पारख, हर्षित नाहटा, दीपक तातेड़, पुनीत तांतेड़, श्रेयांस पारख, आर्जव तांतेड, पूनन कोठारी, सेजल कोठारी ने गाकर उपस्थित भक्तजनों को आनंदित कर दिया। प्रभु की प्रतिमाओं की नयनाभिराम अंगरचना भूषण बांठिया, दीप्ति बांठिया, नव्या बांठिया, शिव शर्मा ने की।

केबल जलाकर तांबा निकाल रहे दो आरोपी रंगे हाथों पकड़े

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 12 सितम्बर। थाना क्षेत्र के घाटमपुर इलाके में केबल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय 20 वर्ष और शैलेंद्र 21 वर्ष के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार घाटमपुर निवासी किसान बृजेंद्र रावत के खेत से पानी की मोटर की केबल और जानवरों को रोकने वाली झटका मशीन बीती रात चोरी हो गई थी। सुबह नौकर ने चोरी की सूचना दी, जिसके बाद बृजेंद्र ने अन्य किसानों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

बताया जाता है कि दोपहर के समय बृजेंद्र अपनी बेटी को लेने शासकीय महाविद्यालय के पास जा रहा था। इसी दौरान खेत की ओर से तार जलने की दुर्गंध आई। इलेक्ट्रॉनिक सामान का व्यापार करने के कारण बृजेंद्र ने अंदाजा लगा लिया कि चोरी के तार को जलाकर उसमें से तांबा निकाला जा रहा है।

संदेह होने पर वह बंटी रावत, सुरेंद्र रावत, सुनमान सिंह रावत और माधव बघेल के साथ मौके पर पहुंचा। वहां पीपल के पेड़ के नीचे दोनों आरोपी चोरी की केबल को जलाकर उसमें से तांबा निकाल रहे थे। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा।

सनातन धर्म मंदिर में कल से गणेश उत्सव का शुभारंभ

ग्वालियर। शहर के सनातन धर्म मंदिर में 14 सितंबर से गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय गोयल, प्रधानमंत्री रमेशचंद्र गोयल लल्ला, कोषाध्यक्ष राकेश बंसल और धर्म मंत्री रविंद्र सिंघल ने बताया कि सोमवार 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम के अनुसार स्थापना से पूर्व मंदिर परिसर में विराजमान गणेश प्रतिमा का वेदोक्त मंत्रों से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर नई प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

लंबित ई-एफआईआर समीक्षा में शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश

साइबर अपराधों की विवेचना के लिए पुलिस अधिकारियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 12 सितम्बर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने जिले के सभी थानों में लंबित ई-एफआईआर और ई-जीरो एफआईआर की समीक्षा की। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में उन्होंने थानावार लंबित प्रकरणों की स्थिति जानी और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

एसएसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों में टीम गठित कर वांछित आरोपियों की पतारसी की जाए और जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अपराधों के तौर-तरीकों में तेजी से बदलाव आ रहा है। ऐसे में पुलिसिंग में तकनीक का इस्तेमाल जरूरी हो गया है। तकनीकी पोर्टल और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग से विवेचना में तेजी लाई जा सकती है।

एसएसपी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का तकनीकी रूप से दक्ष होना जरूरी है बैठक के बाद साइबर अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना और ई-जीरो एफआईआर से जुड़े तकनीकी पोर्टल के संचालन को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट डॉ. कुलभूषण यादव ने पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

डॉ. यादव ने साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, नवीनतम ट्रेंड, डिजिटल फॉरेंसिक, ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों और सोशल मीडिया अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

नवजात शिशुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए वितरित की बेबी किट

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 12 सितम्बर। महावीर इंटरनेशनल, ग्वालियर द्वारा लक्ष्मीगंज स्थित प्रसूतिगृह में बेबी किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवजात शिशुओं एवं जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री से युक्त बेबी किट वितरित की गईं।

कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल एवं मातृत्व-शिशु कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता का संदेश देना था। संस्था के सदस्यों ने जरूरतमंद परिवारों से संवाद कर उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।

कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर के अध्यक्ष वीर राकेश शिवहरे, एवं सचिव वीर अमित शिवहरे सहित संस्था के सदस्य एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बेबी किट वितरण के माध्यम से संस्था ने 'Love All, Serve All - Live and Let Live' के अपने सेवा संदेश को सार्थक रूप प्रदान किया।

आरजेएन अपोलो में वैस्कुलर सर्जरी सुपर स्पेशलिटी ओपीडी आज

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 12 सितम्बर। आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डॉ जैसम चोपड़ा 13 सितंबर रविवार को सुबह 09:00 बजे से 2:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। जिन मरीजों को पैर के पंजों के आसपास छाले,पैरों में अल्सर, पंजों के आसपास की त्वचा काला पड़ना, धूम्रपान करने वालों की उंगलियों का काला पड़ना, पैरों में भारीपन,पैरों में सूजन,नसों का फूलना एवं वेरीकोज वेन की शिकायत है वह मरीज परामर्श ले सकते हैं। असुविधा से बचने के लिए मरीज अपना रजिस्ट्रेशन 7000618041, 9522234350 पर करा सकते हैं।

व्हीआईएसएम में नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 12 सितम्बर। व्हीआईएसएम ग्रुप आफ स्ट्डीज़ में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, ग्वालियर के तत्वावधान में ''नेशनल स्टूडेंट पार्यवरण प्रतियोगिता 2026'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. चंद्र भान संचान, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ग्वालियर विभाग के संयोजक एवं श्री गिर्राज गोयल, सह-संयोजक, सेवा निवृत डायरेक्टर, जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के महत्व तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सेमिनार में नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडीकल एवं विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजित सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण प्रदूषण, जल एवं वायु संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉ. चैहान ने विद्यार्थियों को बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए किसी बड़े अभियान का इंतजार न करें। अपने घर से ही शुरूआत करें। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर, चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

जनकगंज पुलिस ने आगरा से नाबालिग को सकुशल किया बरामद

ग्वालियर। ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनकगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घर से लापता 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को आगरा से सकुशल दस्तयाब किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर जिले में गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।